हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला दिनांक 16.09.2013 को "हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़ा" के कार्यवृत

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में दिनांक 16.09.2013 को संस्थान के सभागार में **'हिन्दी दिवस'** मनाया गया । इस अवसर पर संस्थान के अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया । कार्यक्रम



का शुभारम्भ करते हुए संस्थान के नामित हिन्दी अधिकारी श्री गोपाल सिंह ठाकुर, उप-अरण्यपाल ने संस्थान के निदेशक महोदय, समूह समन्वयक (अनुसंधान), वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए **'हिन्दी दिवस'** के प्रचार-प्रसार के लिए एक प्रस्तुति का आयोजन किया, जिसमें राजभाषा हिन्दी प्रसार के महत्वपूर्ण पहलुओं पर सुझाव दिये । उन्होंने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के 66 वर्षों के बाद भी राजभाषा हिन्दी को अभी तक भी उचित स्थान नहीं मिल पाया है जो कि आज की परिस्थिति में बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है । इसलिए सभी भारतवासियों को **"हिन्दी दिवस"** के अवसर पर राजभाषा हिन्दी को प्रसारित एवं प्रचारित करने का प्रण लेना चाहिए । संस्थान में हिन्दी में किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में वार्ता करते हुए उन्होंने भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2013 के लिए निर्धारित पत्राचार लक्ष्य जो कि 'क' क्षेत्र में 100%, 'ख' क्षेत्र में 100% तथा 'ग' क्षेत्र में 65% को इस वर्ष में पूरा करने की सभी से ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में करने की अपील की । उन्होंने राजभाषा अधिनियम व नियमों के बारे में भी अवगत करवाया । इसके अतिरिक्त सभी फाईलों के शीर्षक हिन्दी या द्विभाषीय व रजिस्टरों की सभी प्रविष्टियां हिन्दी में करने के लिए आग्रह किया । कम्पयूटर पर हिन्दी में कार्य करने के लिए एक प्रशिक्षण /प्रदर्शनी की प्रस्तुति दी गई जिसमें उन्होंने कम्पयूटर पर यूनिकोड सॉफ्टवेयर के प्रयोग से हिन्दी में कार्य करने के लिये प्रमुख सुझाव दिये और कहा कि इस सॉफ्टवेयर के प्रयोग से हम सभी सहजता से कम्पयूटर पर हिन्दी में कार्य कर सकते हैं, केवल आवश्यता है तो सिर्फ इसे अपने रोजमर्रा के जीवन में लागू करने की तथा इसे अपनाने की ।

इस अवसर पर संस्थान के अनुसंधान सहायक श्री ज्वाला प्रसाद ने माननीय गृह मन्त्री, श्री सुशील कुमार शिन्दे जी का **"हिन्दी दिवस"** के उपलक्ष में जारी किया गया सन्देश पढ़ कर सुनाया ।

तत्पश्चात् नामित हिन्दी अधिकारी ने निदेशक महोदय से **'**हिन्दी दिवस**'** के उपलक्ष में हिन्दी की उपयोगिता व रोजमर्रा के कार्यों को अपनाने के लिए सम्बोधन करने हेतू आग्रह किया । निदेशक, हि०व०अ०सं० ने सभी को हिन्दी भाषा की उपयोगिता के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की व समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार संस्थान का अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने हेतू अनुरोध किया ।

'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष पर संस्थान के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण

अन्त में नामित हिन्दी अधिकारी ने **'हिन्दी दिवस'** के शुभवसर पर अपने-अपने विचार रखने पर सभी का धन्यवाद किया ।

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में दिनांक 14.09.2013 से 28.09.2013 तक हिन्दी पखवाड़ा भी मनाया गया जिसके दौरान संस्थान के सभी सदस्यों द्वारा सारा कार्य हिन्दी में किया गया । इस दौरान संस्थान के कुछ कर्मचारियों द्वारा शहर के केन्द्र सरकार के कार्यालयों में आयोजित निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में भी भाग लिया गया ।